मुख्यमंत्री ने तावडू में किया हैरीटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का उद्घाटन

नमन मेहंदीरत्ता/गुड़गांव मेल

तावडू, 7 दिसंबर। मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज मेवात के तावडू खंड में बिलासपुर-तावडू मार्ग पर बने हैरीटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का उद्घाटन किया। लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में बने इस संग्रहालय में परिवहन साधनों के विकास के इतिहास को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

श्री हुड्डा ने संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन समय के दुर्लभ परिवहन साधनों को देखा, जिनमें लकड़ी के पहियों वाली बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, बग्घी, साइकिल, रिक्शा, पुराने स्कूटर, ट्राम का नमूना, रेलगाड़ी, हैलीकाप्टर, एयर क्राफ्ट आदि के नमूने देखे।

श्री हुड्डा ने कहा कि इस संग्रहालय के संस्थापक तरुण ठकराल ने बहुत ही कड़ी मेहनत और अनुसंधान के बाद परिवहन साधनों के विकास को दर्शाने वाले इस संग्रहालय का निर्माण किया है। इन्होंने संग्रहालय में परिवहन के विभिन्न नमूनों को बहुत ही आकर्षक एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। इससे विभिन्न शताब्दियों में यातायात के साधनों में आए बदलाव की उपयोगी जानकारी मिलती है।

श्री हुड्डा ने कहा कि यह देश का ऐसा पहला संग्रहालय है, जो हरियाणा में स्थापित किया गया है। हरियाणा में झज्जर में हस्तलिखित पांडुलिपियों...**शेष पेज 2 पर**